हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 1 अगस्त 2025

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 तुलसीदास ने श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाया..



11 स्काउट्स व गाइड्स के 85 विद्यार्थियों को मिला ...





# खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, 20 से अधिक खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आगामी त्योहारों को देखते हुए जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का नियमित व सघन निरीक्षण किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 20 से अधिक खाद्य पदार्थो का नमूना जॉच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य एवं खाद्य एवं औषधि विभाग ने बताया कि बरसात के मौसम एवं रक्षाबंधन त्यौहार के देखते हुए विशेष रूप से हॉटल, रेस्टारेंट, ढ़ाबों, चौपाटियों आदि परिसरों को साफ–सफाई रखने, खाद्य पदार्थों को ढ़ककर रखने, बासी खाना नही परोसने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा हॉटल, रेस्टारेंट, ढाबों, में उपयोग किए जाने वाले पानी का समय–समय पर जाँच परीक्षण कराने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों से खोवा बरफी, मिनी पेड़ा, पनीर, पका हुआ चॉवल, बूंदी रायता, समोसा, ग्रेवी, पका हुआ सब्जी, आटा, लेक्टोजेन इन्फेंट फूड, रसगुल्ला, पका हुआ दाल, चिकन बिरयानी, दोसा पेस्ट, दोसा नारियल चटनी आदि का कुल 20 से अधिक नमूना जॉच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि चलित प्रयोगशाला वाहन के द्वारा प्रचार–प्रसार के माध्यम से बालोद जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में निरीक्षण किया गया एवं आम जनता व खाद्य कारोबारकर्ताओं को जागरूक किया जा रहा है।

### नमूने जांच के लिए रायपुर भेजा गया





### दो फर्मों को नोटिस जारी

इसके साथ ही चलित प्रयोगशाला के द्वारा 150 से अधिक खाद्य सामग्रियों का नमूना लिया गया है। निरीक्षण के दौरान एक फर्म से मिक्स्चर को नष्ट कराया गया तथा दो फर्मों को नोटिस जारी किया गया, साथ ही 100 खाद्य कारोबारकर्ताओं का फॉस्टैक ट्रेंनिग कराया गया।

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री विजय की समीक्षा बैठक अब चार अगस्त को

**बालोद।** उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में अब 3 अगस्त को आयोजित जिले की समीक्षा बैठक की तिथि को संशोधित कर सोमवार 04 अगस्त को कर दी गई है। उपमुख्यमंत्री शर्मा 04 अगस्त को दोपहर 12 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले की समीक्षा बैठक लेंगे। जिले के सभी विभाग प्रमुखों को विभागीय जानकारी एवं पूर्व में आयोजित बैठकों का अद्यतन प्रतिवेदन सहित बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### जन्म दिन पार्टी में दो गुटों में मारपीट, आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** जन्म दिन की पार्टी में दो गुटों में मारपीट करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि सौरभ वर्मा ने शिकायत किया था कि 18 मई को अपने दोस्त आयुष, सिद्धार्थ, रोहित के साथ जन्म दिन की पार्टी करने होटल अमित पार्क में पहुंचे थे। जहाँ अज्ञात 3-4 युवकों के साथ बिना कारण गाली गलौज देकर जान से मारने की धमकी देने लगे। सौरभ वर्मा ने इसका विरोध करने पर आरोपी एक साथ मिलकर आयुष पर हमला कर दिया। आरोपियों ने आयुष को लकड़ी के डंडा से मारपीट किया है। मारपीट में आयुष के सिर, चेहरे., माथे पर चोट आई है। आयुष की कार सीजी 04 क्यूसी 0024 को भी आरोपियों ने नुकसान पहुंचाया। आरोपी प्रखर चन्द्राकर को पकड़ कर पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। प्रखर के सात प्रियम शरण, पुल्कीत चंद्राकर, करण सिंह शामिल था। पुलिस पूछताछ में आरोपी प्रखर चंद्राकर का मोबाइल चेक करने पर म्युल बैंक खाता किराए में लेकर ऑनलाइन गेम के अवैध लेन देन में पुल्कित चंद्राकर शामिल होने की जानकारी सामने आई। मुखबिर की सूचना पर फरार आरोपी प्रियम शरण को पकड़ा गया। फरार आरोपी पुलकीत चंद्राकर, करण सिंह ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। आरोपी पुलकीत चंद्राकर को पुलिस रिमांड पर लाया गया। पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### प्राण घातक हमला करने वाला फरार पकड़ाया

**भिलाई।** जान से मारने की नियत से हमला करने वाले फरार युवक को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि कैम्प-1 छावनी निवासी प्रीतम कौर ने शिकायत किया था कि पुत्र शुभदीप सिंह उर्फ बछड़ा को रंजिश के चलते हमला करने वाले फरार आरोपी कैम्प 1 छावनी निवासी सतीश भारती को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी के साथ छोटा भांचा उर्फ राकेश, केश भुरू साथ मिलकर बीएसपी स्कूल के पीछे बछड़ा को बुलाया। आरोपियों ने मिलकर हमला कर फरार हो गए। आरोपियों के पास से पुलिस ने बेस बॉल, डण्डा एवं रॉड जब्त किया। अब तक मामले में 5 आरोपियों हेमंत कुमार ठाकुर, राकेश साहू, केश कुमार साहू, मयंक कोसले, प्रदीप कश्यप को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया है। फरार सतीश भी पुलिस गिरफ्त में आ गया।

### सुविधा : तकनीकी सुविधा से प्रकरणों के निपटारे में गति आएगी

# जिला उपभोक्ता आयोग बालोद में ई-हियरिंग सुविधा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने आज जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में स्थित जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बालोद में ई–हियरिंग का वर्चुअल शुभारंभ किया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बालोद में ई–हियरिंग के शुभारंभ होने से बालोद जिला आज से ई–हियरिंग के माध्यम से पूरे भारतवर्ष से जुड़ गया है।

ई–हियरिंग की सुविधा प्रारंभ होने से उपभोक्ताओं को तकनीकी न्याय का लाभ मिलेगा। जिससे समय और संसाधन दोनों की बचत होगी। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बालोद में इस सुविधा के प्रारम्भ होने से देश के किसी भी हिस्से से उपभोक्ता एवं अधिवक्तागण जिला उपभोक्ता आयोग बालोद से जुड़कर अपने प्रकरण की सुनवाई में भाग ले सकते हैं। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बालोद में ई–हियरिंग के शुभारंभ अवसर पर न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश में पहला राज्य होगा जो ई–हियरिंग के माध्यम से प्रकरणों की सुनवाई करेगा। ई–हियरिंग के शुभारंभ होने से न्यायिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय और जुड़ गया है। इस अवसर पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बालोद के अध्यक्ष गोपाल रंजन पाणिग्राही द्वारा उपस्थित अधिवक्ताओं, पक्षकारों एवं अधिकारी–कर्मचारियों को ई–हियरिंग के माध्यम से सुनवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि पक्षकारों को अपने प्रकरण की ई–हियरिंग के माध्यम से सुनवाई हेतु तीन दिवस पूर्व निर्धारित फार्म में आवेदन करना होगा। इसके पश्चात जिला उपभोक्ता आयोग से उनके मोबाईल पर एक लिंक प्रदान किया जाएगा, जिसके माध्यम से पक्षकार अथवा अधिवक्तागण अपने मोबाईल के द्वारा सीधे प्रकरणों की ऑनलाईन सुनवाई में भाग ले सकते हैं।





### न्यायमूर्ति ने प्रकरण की सुनवाई की

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया की उपस्थिति में ई–हियरिंग के माध्यम से प्रकरण क्रमांक डीसी/646/सीसी/ 07/2025 पक्षकार संतोष कुमार पारख विरूद्ध नगर पालिका बालोद में सुनवाई किया गया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बालोद में ई–हियरिंग के शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के रजिस्ट्रार श्रीनिवास तिवारी, ज्वाईंट रजिस्ट्रार मोना चौहान, सदस्य प्रमोद वर्मा, लेखा अधिकारी मधुलिका यादव, जिला उपभोक्ता आयोग रायपुर के अध्यक्ष डाकेश्वर शर्मा, सदस्य निरूपमा प्रधान, अनिल अग्निहोत्री सहित ई–हियरिंग के शुभारंभ अवसर पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बालोद में आयोजित समारोह के दौरान जिला उपभोक्ता आयोग बालोद के अध्यक्ष गोपाल रंजन पाणिग्राही, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्षा प्रतिभा चौधरी, सदस्य इंदरचंद राखेचा एवं अधिवक्ता संघ बालोद के अध्यक्ष अजय साहू व सचिव बीपी साहू सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्तागण सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## पैसे नहीं देने पर युवक से गाली-गलौज और मारपीट, आरोपी पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शाम को अंडा दुकान के पास बैठे व्यक्ति को उसके दोस्त ने पैसे मांगे, पैसे नही देने पर व्यक्ति ने बैठे व्यक्ति से गाली गलौज व मारपीट को अंजाम दे दिया, जिसके बाद पीड़ित युवक द्वारा गाली गलौज करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जहां आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस चौकी हल्दी मे धारा 296, 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

ग्राम सिर्राभाठा निवासी प्रार्थी चितेश कुमार ठाकुर ने पुलिस को बताया कि वह शाम को ग्राम के नरेन्द्र धनकर के अण्डा ठेला के पास बैठा था तभी गांव के अरविन्द कुंजाम ने मुझे पैसा मांगा, मैने बोला कि अभी मै पैसा नही रखा हूं। आरोप है कि इस पर अरविन्द कुंजाम ने गालिया देते हुए भीख मांग बोलकर मोटर सायकल चालू कर मेरे ऊपर सामने से लाकर मेरे दाहिने पैर में चोट पहुचाया है और जान से मारने की धमकी दिये है तभी मेरे बैठे व दुकान संचालक नरेन्द्र धनकर व सुनील यादव, बहुर साहू ने बीच बचाव किये, हाथ मुक्का से भी अरविन्द कुंजाम ने मारा है, मारने व मो0सा0 की ठोकर से दाहिने पैर में चोट आया है।

## पति ने पत्नी को बेरहमी से पीटा, मामला दर्ज

**बालोद।** पति के साथ घर आए उसके दोस्त को बैठो बोलना महिला को भारी पड़ गया, आरोप है कि इतनी ही बात को लेकर महिला के पति ने अपनी पत्नी की पिटाई कर दी, पति के प्रताड़ना से परेशान होकर महिला ने अपने पति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है।

ग्राम भेण्डरो निवासी 27 वर्षीय महिला ने पुलिस को बताया है कि शाम को वह घर पर थी, तभी उसका पति श्रवण काम से अपने दोस्त के साथ घर आया, तब उसने अपने पति के दोस्त को बैठो बोली तो उसका पति बोला कि तुम उसके साथ किस प्रकार का व्यवहार कर रही हो, कहकर महिला को गालियां देने लगा, तब महिला ने अपने पति को गाली गलौज करने से मना की, तब महिला के बाल को पकडकर, खींचकर हाथ मुक्के से महिला को घर में और घर के सामने महिला के पीठ में और सिर में मारपीट किया। महिला ने बताया कि घर के सामने का दरवाजा खुला था जिससे कई लोग देखे हैं, महिला के पति द्वारा मारपीट करने से महिला के पीठ, सिर में चोट लगी है, जब महिला ने घटना के बारे में अपने गांव के प्रमुखों को बताया, पर हल नही निकला, महिला ने बताया उसका पति पहले भी कई बार गाली गलौज मारपीट कर चुका है।

## बैठक की कार्यवाही और पालन प्रतिवेदन तैयार करना अनिवार्यः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सभी कार्यालय एवं विभाग प्रमुखों को जिला कार्यालय में आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण बैठकों का कार्यवाही विवरण एवं पालन प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिए है।

उल्लेखनीय है कि शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा हेतु जिलास्तर पर मंत्रीगण, सांसद एवं शासन स्तर से अधिकृत अधिकारियों एवं जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समय–समय पर बैठक आयोजित की जाती है। इस दौरान महत्वपूर्ण निर्देश प्रसारित किए जाते हैं।

कलेक्टर मिश्रा ने इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए कहा कि कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले प्रत्येक विभागीय समीक्षा बैठक के कार्यवाही विवरण तैयार करने का दायित्व संबंधित विभाग प्रमुख का होगा। इसके साथ ही दिशा समिति की बैठक का कार्यवाही विवरण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा तैयार किया जाएगा। शेष सभी बैठकों का कार्यवाही विवरण अपर कलेक्टर बालोद के मार्गदर्शन में संयुक्त जिला कार्यालय के अधीक्षक द्वारा तैयार किया जाएगा। कलेक्टर ने कार्यवाही विवरण तैयार करने तथा बैठक के दौरान दिए गए निर्देशों को नोट करने हेतु अधिकारी–कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी महत्वपूर्ण बैठकों का कार्यवाही विवरण बैठक दिनांक को ही या बैठक सम्पन्न होने के दो दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से जारी कराई जाए। कार्यवाही विवरण प्रसारित होने के एक माह के भीतर उसका पालन प्रतिवेदन अनिवार्यतः तैयार करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा उन्होंने कार्यवाही विवरण करने वाले अधिकारी–कर्मचारी को संबंधित विभाग प्रमुखों से पालन प्रतिवेदन संकलित कर निर्धारित समय–सीमा के भीतर पालन प्रतिवेदन तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं। मिश्रा द्वारा प्रत्येक बैठक के कार्यवाही विवरण एवं पालन प्रतिवेदन की एक हस्ताक्षरित प्रति स्टेनो टू कलेक्टर बालोद को उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को इस संबंध में जारी किए गए निर्देशो का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

### सुशासन तिहार में मिले 116 आवेदन 40 का मौके पर ही निराकरण

**दुर्ग।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत धमधा विकासखण्ड के ग्राम मुरमुंदा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में क्लस्टर स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस शिविर के माध्यम से पूर्व में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। साथ ही नए आवेदन भी प्राप्त हुए। इस दौरान कुल 116 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 40 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष 76 आवेदन लंबित हैं।

## विधायक चंद्राकर ने तिरगा में लाखों के नवीन विकास कार्यों की आधार शिला रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिरगा में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ।

और नवीन विकास कार्य अंतर्गत नवीन आंगनबाड़ी भवन एवं सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य अनुमानित लागत 12 लाख रुपए प्रति कार्य के लिए विधिवत भूमि पूजन कर आधारशिला रखी। साथ ही विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा आपके गांव के विकास के लिए पैसे की कमी नहीं होगी माननीय विष्णु देव सायं जी के नेतृत्व में हमारी सरकार लोगों के जीवन में खुशियां लाने का काम कर रही है हमारा उद्देश्य अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति तक विकास पहुंचाना और लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है प्राथमिकता के आधार पर आपके गांव के सारे निर्माण कार्य शुरू करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गोपेन्द्र किशोर बेलचंदन कुलेश्वरी देवांगन जनपद पंचायत अध्यक्ष ▶▶| शेष पेज 10 पर



### पशुओं के मार्गों पर एकत्रित होने से आवागमन में होती है परेशानी

# सड़क हादसे रोकने जिला प्रशासन ने जारी किया आदेश, लापरवाह पशु मालिकों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने, बेहतर आवागमन की व्यवस्था बनाने तथा पशुओं की जीवन सुरक्षा हेतु जिले के अनुविभागीय दण्डाधिकारियों ने अपने अनुविभाग स्तर पर आदेश जारी किया है।

जिसके तहत पशु मालिकों द्वारा अपने पशुओं को बांधकर रखा जाएगा। पशुओं को मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वतंत्र रूप से छोड़ने पर पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के अध्याय 03 धारा 11(1) तथा अन्य सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत पशु मालिकों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अनुविभागीय दण्डाधिकारियों द्वारा जारी आदेश के अनुसार आवागमन हेतु निर्धारित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यीय राजमार्ग एवं स्थानीय मार्गो में लगातार सड़क दुर्घटना घटित हो रहा है, जिसका एक प्रमुख कारण स्थानीय पशु मालिकों द्वारा लापरवाही व गैर जिम्मेदारीपूर्वक पशुओं को सड़क एवं सार्वजनिक स्थल पर स्वतंत्र रूप से छोड़ देना है। इन आवारा पशुओं के कारण न केवल आवागमन बाधित होता है अपितु जनहानि, पशुहानि एवं मालहानि जैसी गंभीर घटना घटित होता है। जिससे कानून एवं लोक शांति व्यवस्था की स्थिति निर्मित होती है। इन आवारा पशुओं के मार्गों में एकत्रित होने से अत्यावश्यक सेवा एवं आपातकालीन सेवा देने वाले वाहनों का आवागमन भी गंभीर रूप से प्रभावित होता है। यदि इन आवारा पशुओं के मालिकों द्वारा इन पशुओं को सडक अथवा सार्वजनिक स्थलों में न छोड़कर उचित प्रबंधन एवं रख रखाव किया जाता है तो होने वाली मानव जीवन की क्षति, पशु क्षति, संपत्ति की क्षति तथा कानून एवं शांति व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने से बचा जा सकता है। उपरोक्तानुसार पशुओं के मार्गों में एकत्रित होने से घटित गंभीर सड़क दुर्घटना का उच्च न्यायालय द्वारा भी डब्लूपी (पीआईएल) 58/2019 में संज्ञान लिया जाकर राज्य शासन से जवाब चाहा गया है। इस प्रकार सड़क पर एकत्रित आवारा पशु न केवल आमजन के आवागमन में बाधक या सड़क दुर्घटना का कारण है अपितु प्रशासनिक समस्या भी बन चुका है। जिसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार इन पशुओं के लापरवाह व गैर जिम्मेदार पशु मालिक है। पशु मालिकों का इस प्रकार गैर जिम्मेदाराना एवं लापरवाहीपूर्वक आचरण भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 291 के अंतर्गत तथा पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के अध्याय 3 धारा 11 (1) के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में भी आता है। अनुविभागीय दण्डाधिकारियों ने जारी आदेश में कहा है कि उपरोक्त तथ्यों से संतुष्ट होते हुए आमजन पशुओं की जीवन सुरक्षा हेतु तथा जनहित में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 अंतर्गत अनुविभाग अंतर्गत सभी पशु मालिक अपने पशुओं को बांधकर रखेंगे।

इन पशुओं को मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वतंत्र रूप से नहीं छोड़ेंगे ना एकत्रित होने देंगे अन्यथा भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 291 के अंतर्गत सजा एवं जुर्माना से दण्डित किया जावेगा साथ ही पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के अध्याय 3 धारा 11(1) तथा अन्य सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगी। आदेश मे कहा गया है कि चूंकि इस आदेश को पारित करने के पूर्व व्यक्तिगत सुनवाई का तथा साक्ष्य प्राप्त करने का अवसर दिया जाना संभव नहीं है। अतः यह आदेश आज 31 जुलाई 2025 को एकपक्षीय पारित किया जा रहा है, जो आगामी दो माह तक के लिए प्रभावी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### बेस्ट वार्ड, स्कूल और कॉलेज का किया जाएगा चयन

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारी के लिए स्वच्छ वार्ड, स्वच्छ स्कूल और स्वच्छ कॉलेज का चयन किया जाना है। इसके लिए निगम एक प्रतियोगिता आयोजित करेगा। इस प्रतियोगिता में भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय आएगा। उस वार्ड, स्कूल और कॉलेज को रिवॉल्विंग अवार्ड दिया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक 2 माह में किया जाएगा। इसमें वार्डों, स्कूलों एवं कॉलेजों का मूल्यांकन स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंड के अनुसार स्वतंत्र एनजीओ के माध्यम से किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने इसे लेकर सभी स्कूलों के प्रचार्यो की मीटिंग ली। इसमें सहायक जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### निषाद समाज का हरेली महोत्सव 2 को

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज भिलाई नगर परिक्षेत्र महिला प्रकोष्ठ द्वारा हरेली महोत्सव 2 अगस्त को कोहका भिलाई केन्द्रीय छात्रावास निषाद भवन में मनाया जाएगा। इसकी तैयारी जोरों से की जा रही है।इस अवसर पर महिलाओं व बच्चों के लिए कुर्सी दौड़, युवाओं के लिए गेड़ी दौड़ और बुजुर्गों के लिए नारियल फेंक प्रतियोगिता होगी। इस खेल में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को इनाम राशि और प्रतीक चिन्ह प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोमल देव निषाद राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अखिल भारतीय आदिवासी कश्यप कहार निषाद भोई समन्वय समिति मौजूद रहेंगे। इसके अलावा जिला अध्यक्ष निषाद समाज डॉ घनश्याम निषाद, विशिष्ट अतिथि गिरवर बंटी साहू सभापति, भिलाई नगर पालिका निगम महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद और युवा अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार निषाद आदि उपस्थित रहेंगे।

### कराते चैम्पियनशिप में सफल खिलाड़ियों को मिला बेल्ट

**भिलाई।** कारा कु जु बो काई कान फुल कॉन्टेक्ट कराते की जिला स्तरीय ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन वैशाली नगर में किया गया। संस्था के डायरेक्टर सेन्साई गिरी राव के निर्देशन में परीक्षा आयोजित की गई। इस अवसर पर कविता मिश्रा, राजन श्रीवास्तव और शहजाद भाई उपस्थित थे। ग्रेडिंग परीक्षा में खिलाड़ियों को बेसिक, काता, कुमिते, एटीकास, स्टेमिना, एक्सरसाइज़ व फुल कॉन्टेक्ट शैली से फाईट करवाया गया। परीक्षक के रूप में सेम्पाई जे पी राजू, रामकुमार पांडे, गांधी सोनी, भरत लाल साहू, लक्ष्मी तिवारी, अनुज दहाटे, विधि मिश्रा, काजल बेहरा, मुस्कान मुदड़ा उपस्थित थे।

### औषधियों के 251 कलश से गिरनार तीर्थ के मूलनायक नेमीनाथ का अभिषेक

**भिलाई।** आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट एवं सहजानंदी वर्षावास समिति में गिरनार मंडन नेमीनाथ परमात्मा का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। आचार्य विराट सागर की पावन निश्रा में विभिन्न औषधियों के 251 कलशों से परमात्मा का भव्य अभिषेक किया गया। नवकार भवन ऋषभ नगर में आयोजित कर अत्यंत उल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। महोत्सव में परमात्मा की श्याम वर्णी प्रतिमा का विभिन्न औषधियों से अभिषेक किया गया।

# भिलाई की धड़कन दल्ली में सुरों के शहंशाह रफी ने जीता था संगीतप्रेमियों का दिल

विमल शंकर झा ▸▸| भिलाई

मोहम्मद रफी की यादें आज भी भिलायंस के जहन में है। रफी ने छग फिल्म के गीत झन मारो गुलेल की भी रिकार्डिंग की थी। हां तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे... जब कभी भी सुनोगे गीत मेरे, संग संग तुम भी गुनगुनाओगे..., चाहूंगा मैं तुझे सांझ सवेरे, आवाज मैं ना दूंगा.. जैसे हजारों सुरीले गीतों से देश दुनिया के करोड़ों संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज करने वाले सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक मोहम्मद रफी को हमसे बिछड़े 45 बरस हो गए। लेकिन लगता ही नहीं कि वे आज हमारे बीच नहीं है। शहर के लोगों को यह जानकर सुखद आश्चर्य हो सकता है कि सुरों के सरताज का इस्पात नगरी सहित छत्तीसगढ़ से गहरा नाता रहा है। करीब 50 साल पूर्व भिलाई आते आते रह गए रफी साहब ने आखिरकार दस साल बाद अपनी मखमली आवाज से फौलादियों का दिल लूट लिया था। कलाकारों और उनके फैन के जेहन में उनके भिलाई की धड़कन दल्ली राजहरा में हुए आखिरी यादगार शो की यादें वर्षों बाद आज भी तरोताजा हैं। 31 जुलाई को उनका दिला का दौरा पड़ने से निधन हुआ था। भिलाई के कलाकार आज भी उन्हें याद करते हैं।

## स्मृति शेष : 31 जुलाई 1980 को दिल का दौरा पड़ने से हुआ था निधन



### भिलाई बुलाने के लिए किया गया भरसक प्रयास

सेल का सिरमौर भिलाई इस्पात संयंत्र के कारण औद्योगिक तीर्थ को यह गर्व हासिल है कि यहां बालीवुड की कई हस्तियों की जलवानुमाई हो चुकी है। पार्श्व गायक मुकेश से लेकर सोनू निगम तक अनेक गायक अपने गीतों से लोगों का दिल जीत चुके हैं। तरन्नुम ए बादशाह मो. रफी को भिलाई बुलाने की संगीत प्रेमियों की साध भरसक प्रयास के बाद भी पूरी ना हो सकी। अपने अजीम गायक के से रुबरु होने का उनका यह सपना इस्पातनगरी में तो नहीं, बीएसपी की खनिनगरी दल्लीराजहरा में कुछ साल बाद पूरा हुआ। शहर के लोग आज भी इस यादगार शो को यादकर भावविभोर हो जाते हैं। आयोजन से जुड़े लोग व कलाकार बताते हैं कि 1974-75 में किसी चैरिटी के लिए मो. रफी के लाल मैदान पावरहाउस भिलाई में स्टेज शो की तैयारी थी। लेकिन पहेल रिकार्डिंग में विलंब फिर अचानक आपातकाल लगने से उनका कार्यक्रम रद्द करना पड़ा था।



### दल्ली राजहरा में मोहम्मद रफी की मखमली आवाज ने बनाया था दीवाना

रफी के प्रेमियों ने बताया कि इसके पूर्व इसी तरह भिलाई में अपने जमाने के मशहूर गायक तलत महमूद का भी शो रद्द होते होते बच गया था। पास बंटने के बाद तलद महमूद के यहां पहुंचने पर आयोजक जब उपस्थित नहीं हो सके तो अन्य संगीत प्रेमियों ने आनन फानन में उनका अविस्मरणीय शो नेहरु हाउस में कराया था। लेकिन सुरों के सुल्तान मो. रफी को यहां बुलाने का फौलादियों का सपना 5 साल बाद जब भिलाई की धड़कन दल्ली राजहरा में पूरा हुआ तो इस्पातनगरी सहित अंचल के हजारों संगीतप्रेमियों के लिए वह कभी नहीं भूलने वाला कार्यक्रम था। प्रसिद्ध व्यवसायी शांतिलाल जैन द्वारा अकालग्रस्त सहायता और चिकित्सालय निर्माण समिति के बैनर तले रफी की सुरमयी उपस्थिति में दल्ली स्कूल मैदान में 26 अप्रैल 1980 को हुए शंकर जयकिशन नाइट शो की यादें आज भी रफी को करीब से सुनने वाले भिलाई के लोगों के दिलों में तरोताजा हैं।

### दल्ली राजहरा में प्रस्तुति के तीन माह बाद चल बसे थे



मंजूला दास गुप्ता संगीत समिति के स्टार सिंगर विनोद वर्मा बताते हैं कि आर्केस्ट्रा के उस सुनहरे दौर में रफी के शो का आनंद लेने भिलाई सहित पूरे छग से लाखों लोग पहुंचे थे। आयोजक शांतिलाल जैने के मित्र संगीतप्रेमी व वरिष्ठ भाजपा नेता शंकरलाल देवांगन बताते हैं कि रफी के भव्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए समाज सेवी शांतिलाल जैन ने व्यापक तैयारी की थी। उनके व्यक्तिगत खास बुलावे पर ही मो. रफी यहां आए थे। उनका यह शो आखिरी था, क्योंकि 3 माह बाद 31 जुलाई 1980 को हृदयाघात से वे चल बसे थे।

### छत्तीसगढ़ी फिल्मों में दी अपनी आवाज खूब पसंद किए गए थे गीत

बकौल शंकरलाल देवांगन कार्यक्रम में बीएसपी के मैनेजिंग डायरेक्टर शिवराज जैन सहित लाखों लोग थे। 75 हजार दर्शक तो सिर्फ कुर्सियों में बैठे थे। रफी नागपुर से बीएसपी की इंपाला कार से बाई रोड यहां पहुंचे थे और बीएसपी गेस्ट हाउस में ठहरे थे। सुबह 4 बजे तक हुए कार्यक्रम में उन्होंने अपने गीतों व सहज मेलमिलाप से सभी का दिल जीत लिया था। कलाकार नकुल महलवार बताते हैं कि कहि देबे संदेश के बाद रायपुर के फिल्म निर्माता निर्देशित दूसरी छत्तीसगढ़ी फिल्म घर द्वार के लिए भी मो रफी ने तीन हिट गाने गाए थे। सुन सुन मोर मया पीरा रे, झन मारो गुलाल और गोंदा फुलगे मोरा राजा गीत गया था। इस फिल्म की गीत रायपुर के प्रसिद्ध साहित्यकार हरि ठाकुर ने लिखे थे और दुर्ग के प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता स्व. शिवकुमार दीपक ने भी अभिनय किया था।

### मोहम्मद रफी ने छत्तीसगढ़ी फिल्म घर द्वार के तीन गीतों को दिया स्वर

26 अप्रैल 1980 को दल्ली राजहरा में हुआ पार्श्व गायक मो. रफी के जीवन का आखिरी शो कई माएनों में यादगार था। कलाकारों के मुताबिक अल्पवृष्टि से पड़े अकाल के पीड़ितों व अस्पताल निर्माण के लिए दल्ली के प्रतिष्ठित व्यवसायी शांतिलाल जैन आयोजन समिति गठन की पहल की। इतना ही नहीं रफी को शो के लिए तैयार करने में भी उनका योगदान रहा। मुंबई में उनके आफिस के निकट बालीवुड के मशहूर तलवारबाजी स्टंट अभिनेता पी जयराज का घर था जो शांतिलाल जैन के साथ रफी के भी मित्र थे। जैन ने जयराज के साथ जब रफी से अस्पताल व अकाल पीड़ितों के लिए दल्ली में शो के लिए आने का आग्रह किया तो सर्दी जुकाम से पीड़ित होने के बाद भी सामाजिक उद्देश्य सुनकर रफी सहर्ष तैयार हो गए थे। शंकर जयकिशन नाइट के नाम से हुए इस शो में मोहम्मद रफी व तितली उड़ी फैन गायिका शारदा, गायक मन्ना डे, संगतीकार शंकर जयकिशन, अभिनेता पी जयराज सहित 12 गायक व अभिनेता कलाकारों यादगार प्रस्तुति दी थी।

## श्रेय की राजनीति : भिलाई के विकास कार्यों के लिए शासन से जारी हुई राशि

# 9 करोड़ रुपए की लागत से होगा शहर का विकास, श्रेय लेने की मच रही होड़

### पार्षदों का कहना उनके प्रयासों से मिली राशि, विधायक बता रहे उन्होंने दिलाई स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

राज्य सरकार ने नगर पालिक निगम भिलाई के जोन 1,2 व 3 के विकास के लिए 9 करोड़ 11 लाख 51 हजार रुपए की स्वीकृति दी है। इसकी जानकारी मिलते ही भाजपा नेताओं में मद को लाने का श्रेय लेने की होड़ मच गई है।

वैशाली नगर विधायक के मीडिया प्रभारी ने प्रेस रिलीज जारी कर जानकारी दी है कि विधायक रिकेश के प्रयास से नगरीय प्रशासन और विकास संचालनालय छत्तीसगढ़ सरकार ने वैशाली नगर विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों के लिए 9 करोड़ 11 लाख 51 हजार रुपये की स्वीकृति दी है। यह स्वीकृति विधायक रिकेश सेन के प्रस्ताव पर मिली है। इसके लिए उन्होंने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

विधायक रिकेश सेन ने बताया कि वैशाली नगर विधानसभा के विभिन्न वार्डों के लिए सड़क डामरीकरण और पाथवे के लिए उक्त राशि 15वें वित्त आयोग के मिलियन प्लस सिटी अंतर्गत स्वीकृत की गई है। इस राशि से वार्ड-4 नेहरू नगर पूर्व और नेहरू नगर पश्चिम के डामरीकृत मार्गों का उन्नयन, वार्ड-12 रानी अवंती बाई कोहका भिलाई शिक्षक नगर, वॉलीवाल ग्राउण्ड के आस-पास एवं ईदगाह चौक से दादू साहू के घर तक




### नेता प्रतिपक्ष ने कहा सभी पार्षदों की मांग को सुना गया, प्रस्तावों पर मिली है स्वीकृति

राज्य सरकार से स्वीकृत इसी विकास की राशि को दिए जाने पर नगर निगम भिलाई के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव को फेसबुक पर बधाई दी है। उन्होंने मीडिया में प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि हम सभी पार्षदों की मांग पर और निगम आयुक्त द्वारा भेजे गए पत्र कमांक 2075 एवं 2073 पर छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व माननीय उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने संज्ञान लिया। उनकी अनुशंसा पर नगर पालिक निगम भिलाई के विकास कार्य के लिए जोन 1,2,3 के अंतर्गत 15 वें वित्त आयोग के मिलियन प्लस सिटी अंतर्गत प्रस्तावों पर 911.51 लाख की स्वीकृति मिली है।

डामरीकरण मार्गो का नवीनीकरण, जोन 1 नेहरू नगर वार्ड-9 राजीव नगर के विभिन्न स्थानों में डामरीकरण, वार्ड-3 विनोबा नगर में मुख्य मार्ग से विनोबा नगर मुक्तिधाम मार्ग के दोनो ओर, रामचंद्र नर्सरी से गायत्री डिपार्टमेंटल मार्ग एवं सूर्या अपार्टमेंट से शिवाजी चौक तक वृक्षारोपण, वार्ड-6 संजय नगर शिव मंदिर से जोशी च्वाईस सेंटर तक डामरीकृत मार्ग का उन्नयन, वार्ड-13 पुरानी बस्ती कोहका जी 9 टावर से राजा गार्डन एवं साकेत नगर में डामरीकरण मार्ग का नवीनीकरण, वार्ड-20 वैशाली नगर में शिव मंदिर से विजय तिवारी घर के सामने तक, सिंधु भवन के सामने एवं त्रिकोर्णा पार्क के तीनों तरफ सड़क डामरीकरण, वार्ड-25 जवाहर नगर एमआईजी लाइन के आस पास मार्ग का डामरीकरण, जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत सड़कों का संधारण (पेच) रिपेयर, वैशाली नगर ईडब्लूएस कॉलोनी में ईडब्लूएस 215 से पोल नंबर 14/57 10 तक डामरीकृत मार्ग का नवीनीकरण, वार्ड-14 शांति नगर में सड़क 23, 24, 25, 26 एवं क्रास सड़क और पोल नंबर 14/307 से पोल नंबर 14/317 तक एवं दशहरा मैदान हनुमान मंदिर के सामने से पोल नंबर 14/596 तक सड़क डामरीकरण, वार्ड-29 वृंदा नगर में पोल नंबर 29/326 से रंजना देवी निवास होते हुए चैता मैदान तक डामरीकरण कार्य, जोन-3 क्षेत्रांतर्गत 18 नंबर रोड के शेष भाग में डामरीकरण, जोन-3 अंतर्गत वार्ड-36 श्याम नगर अंतर्गत जलेबी चौक से राजस्थान होटल तक डामरीकरण, नेहरू नगर चौक, सुपेला चौक, चंद्रा मौर्या चौक, पावर हाउस चौक, खुर्सीपार चौक, छावनी चौक एवं सूर्या मॉल चौक में मार्गों को लेफ्ट फ्री करने, नपानि भिलाई क्षेत्रांतर्गत जामुल ट्रेंचिंग ग्राउण्ड, इंदू आईटी स्कूल के पीछे तथा कुरुद एसएलआरएम सेंटर के समीप प्लांटेशन कार्य, वार्ड-11 फरीद नगर, सुंदर नगर, दुबे डेयरी जुनवानी रोड के पीछे एवं लिम्हा तालाब के चारों ओर पेवर ब्लॉक लगाने, वार्ड 11 फरीद नगर में डामरीकरण शामिल हैं।

# रावघाट के 4 हजार बच्चों को मिल रहा मिल्क गिफ्ट



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र फौलाद ढालने के साथ शिक्षा और बच्चों के विकास के लिए भी प्रयास कर रहा है। निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत समाज के समग्र विकास, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, सांस्कृतिक, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए की गयी पहलों ने पिछड़े व दूरस्थ क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। स्कूलों में अतिरिक्त क्लासरूम की व्यवस्था, बाउंड्री वाल निर्माण, शौचालय व स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति योजनाएं व छात्रवास की व्यवस्था शामिल है।युवाओं के लिए रोजगारपरक प्रशिक्षण और महिला सशक्तिकरण के लिए भी अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। शिक्षा व बच्चों के विकास की मुहिम के तहत रावघाट खदान के समीपस्थ गाँवों में गिफ्ट मिल्क योजना बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने में अहम योगदान देने के साथ स्वस्थ समाज के निर्माण और सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में एक कारगर प्रयास सिद्ध हो रहे हैं। एनडीडीबी फाउंडेशन फार न्यूट्रिशन (एनएफएन) के साथ समझौता कर रावघाट क्षेत्र के कुल 82 शासकीय विद्यालयों के 4 हजार विद्यार्थियों को प्रतिदिन 200 मिली फोर्टिफाइड दूध का वितरण किया जाता है।

### 2 सौ एमएम फ्लेवर्ड मिल्क की सप्लाई

खदान क्षेत्र के बफर जोन गांवों में विटामिन ए और डी से भरपूर 200 मिलीलीटर फोटऍफाईड फ्लेवर्ड दूध की आपूर्ति और वितरण के लिए सेल–बीएसपी और एनडीडीबी फाउंडेशन फर न्यूट्रिशन (एनएफएन) के बीच मार्च 2023 में एक एमओयू साइन किया गया था, जिसकी शुरुआत सेल अध्यक्ष 18 अप्रैल 2023 को किया था। इस समझौता ज्ञापन के तहत छत्तीसगढ़ के कांकेर, नारायणपुर, मोहला–मानपुर अंबागढ़ चौकी, बालोद जिलों के सरकारी स्कूलों या अन्य स्कूलों के लगभग 4 हजार स्कूली बच्चे गिफ्ट मिल्क योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। परियोजना में रावघाट, महामाया और दुलकी माइंस बफर जोन के गावों को भी शामिल किया गया हैं।

### प्राध्यापक बंटा रहे हाथ

एनएफएन की कार्य गुणवत्ता वाले दूध की आपूर्ति सुनिश्चित करना और चयनित स्कूलों में गिफ्ट मिल्क स्कीम का सुचारू क्रियान्वयन करना और उसका रिकार्ड रखना है। स्कूल के प्रधानाध्यापकों के माध्यम से दूध के दैनिक वितरण और उसके कुल उपभोग की व्यवस्था की गई है। इसके लिए पर्यवेक्षक भी नियुक्त किये गये हैं । वे नियमित अंतराल पर स्कूलों का दौरा कर आपूर्ति किए गए दूध का डेटा/रिकार्ड रखते हैं।

# वॉलीबॉल टूर्नामेंट में डीपीएस की टीमों की शानदार जीत

**भिलाई।** टेक्नो इंडिया स्कूल दुर्गापुर में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-2 वॉलीबॉल टूर्नामेंट में भिलाई की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। जूनियर गर्ल्स टीम अंडर-14 वर्ग ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि सीनियर गर्ल्स टीम अंडर-19 ने कांस्य पदक जीता। जूनियर गर्ल्स टीम ने 7-9 सितंबर 2025 तक जागरण पब्लिक स्कूल वाराणसी में आयोजित होने वाले सीबीएसई राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए भी क्वालीफाई किया। इस टूर्नामेंट में क्षेत्र भर के शीर्ष स्कूलों ने भाग लिया, जिससे यह जीत और भी प्रतिष्ठित हो गई। हमारे युवा एथलीटों ने पूरे आयोजन के दौरान उत्कृष्ट खेल भावना, टीम वर्क और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। प्रबंधन ने कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और हमारे समर्पित प्रशिक्षकों, स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। स्कूल प्रबंधन सभी खिलाड़ियों को स्कूल का नाम रोशन करने के लिए हार्दिक बधाई देता है। उनकी जीत ने हमें अपार गर्व और खुशी से भर दिया है।

# धू-धूकर जली कार, दमकल ने बुझाई आग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दुर्ग जिले के पुलगांव क्षेत्र में रिषभ सिटी के सामने खड़ी कार में बुधवार शाम अचानक एक कार में आग लग गई। आग ने कार को चारों तरफ से घेर लिया। मामले की जानकारी मिलते दी ही दुर्ग से एसडीआरएफ की टीम फायर ब्रिगेड के साथ पहुंची और समय रहते आग पर काबू पाया।

दुर्ग जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलगांव पुलिस के द्वारा उन्हें सूचना मिलती की पुलगांव चौक के पास रिषभ सिटी के सामने एक कार में आग लग गई है। उन्होंने तुरंत दमकल की एक टीम को वहां भेजा। टीम ने जाकर कार सीजी 07 एमए 9197 में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया। आग की लपटों ने कार को पूरी तरह से घेर लिया था।



जब तक आग बुझाई जाती कार बुरी तरह से जल गई थी। जानकारी के मुताबिक जिस कार में आग लगी है वो किसी श्रीजय सुख की बताई जा रही है। अग्निशमन कर्मियों ने कार में लगी आग को बड़ी बहादुरी से 1 गाड़ी पानी से कंट्रोल किया। इससे एक बड़ा हादसा होने से टला। आग किस कारण से लगी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

# बीएसपी कर्मियों की पत्नियों को सुरक्षा में मदद करने किया जागरूक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित नागरिक सुरक्षा संगठन छत्तीसगढ़ द्वारा स्टील मेल्टिंग शॉप-3 के कर्मचारियों की पत्नियों के लिए विशेष बुनियादी नागरिक सुरक्षा कार्यशाला हम भी है तैयार का आयोजन एलएंडडी विभाग के सभागार में किया गया। 15 महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि सीजीएम त्रिभुवन बैठा थे। जीएम मुकुल सहारिया ने कहा कि महिलाएँ भी नागरिक सुरक्षा को लेकर कार्यशाला मेंअधिक संख्या में भाग लेकर सुरक्षा में मदद करें। कार्यशाला का उद्देश्य किसी भी आपदा, विपरीत परिस्थिति व संकटकालीन समय में गृहणियों को धैर्य व हिम्मत के साथ कैसे कार्य करना है, संकट से जूझना व उसका सामना करना, अपना व साथी का बचाव कैसे करना है, पीड़ति को सहारा देना, ट्रांसपोर्ट करना व प्राथमिक उपचार आदि विषयों पर समझ को बढ़ाना है। अतः गृहणियों को नागरिक सुरक्षा संगठन, छत्तीसगढ़ ने लिया है कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। महिलाओं को सुरक्षा उपायों के प्रति जागरुक किया गया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल महाविद्यालय, नागपुर (राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा महाविद्यालय) से प्रशिक्षित प्रशिक्षक स्वतंत्र कुमार ने घरेलु सुरक्षा, घरेलु उपकरण, विद्युत सुरक्षा पर व्याख्यान दियामास्टर तकनीशियन सुरेन्द्र नंदेश्वर ने बचाव सेवा व नर्सिंग ऑफिसर दिनेश एस ग्वाल ने प्रथमोपचार की जानकारी दी। एसएमएस-3 के कर्मचारियों की पत्नियों ने सुरक्षा कार्यशाला को बहुउपयोगी बताया ।

## सीसीटीवी कैमरों से की जा रही निगरानी

# एसएसपी ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण, कैमरे बढ़ाने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

शहर के रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने एसएसपी विजय अग्रवाल पहुंचे। इस दौरान एएसपी अभिषेक झा रेल पुलिस बल, जीआरपी के अधिकारीगण मौजूद थे। रेलवे स्टेशन की सुरक्षा, तकनीकी निगरानी, साइबर अपराध की रोकथाम को लेकर कई आवश्यक निर्देश एसएसपी ने दिया।

- सुरक्षा को लेकर निर्देश भी

निरीक्षण में एसएसपी स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार से पूर्व अक आधारित फेस रिकग्निशन कैमरा लगाने को कहा गया। जिससे स्टेशन परिसर में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की पहचान असानी से हो पाए। स्टेशन के अंदर 36 कैमरे स्थापित हैं। जबकि कुल 48 कैमरों का प्रस्ताव था।

शेष कैमरों की स्थापना जल्द होना है, पुराने एवं अव्यवस्थित कैमरों के स्थान पर बुलेट कैमरे लगाने को कहा गया। लिफ्ट सीढ़ी, एस्केलेटर जैसे स्थानों पर कैमरों की उचित ऊँचाई व स्टैंड पर सटीक स्थापना हो। एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि रेलवे स्टेशन परिसर में प्रकाश व्यवस्था में सुधार करने को कहा गया है। कैमरे के पीछे लाइट हो, जिससे रिकॉर्डिंग क्लीयर दिखे। जीआरपी और आरपीएफ को संयुक्त रूप से टिकट काउंटरों के आसपास घूम रहे संदिग्धों की चेकिंग करने स्थानीय पुलिस और बीडीएस टीम के सहयोग से मॉक ड्रिल आयोजित करने को कहा है।



### आरपीएफ का भी लॉकअप किया चेक

निरीक्षण में एसएसपी ने आरपीएफ थाने के लॉकअप में गेट पर जाली लगाने, आरपीएफ डेस्क पर पुलिस कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर अंकित करने को कहा है। इसके अलावा नशा करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर नशा मुक्ति केंद्र भेजने और जिला पुलिस द्वारा तैयार साइबर जागरूकता, जिंगल्स को स्टेशन पर प्रसारित करने का निर्देश दिया है। एसएसपी ने जिगजैग बेरिकेड्स की सराहना करते हुए कहा कि व्यवस्था को जिले में भी अपनाया जाने को कहा है। आरपीएफ व जीआरपी के लिए समय-समय पर साइबर अपराधों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की भी आवश्यकता बताई है। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने कहा कि रेलवे स्टेशन जैसी संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा के सभी आयामों पर सघन कार्य होना आवश्यक है।

## पेज 9 का शेष

### विधायक चंद्राकर ने तिरगा में ...

पेज 9 का शेष

राकेश हिरवानी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, दामिनी साहू जनपद सदस्य, घसिया राम सरपंच, लिकेश्वर देशमुख मंडल अध्यक्ष, डीलेश साहू महामंत्री, मुकेश बेलचंदन, विक्की मिश्रा भूपेंद्र बेलचंदन भागवत पटेल सरपंच, प्राचार्य रामटेके युवराज देशमुख टिकेश्वर देशमुख सुखदेव देवांगन कल्पना देशमुख विनय कुमार देवसिंह ठाकुर सोसाइटी अध्यक्ष, नोमिन खुटेल सरपंच, बसंती कौशल गिरवर साहू सुखीत राम मन्नूलाल साहू धनश्याम देशमुख नंदकुमार जी एवं दुर्गा चौधरी सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, जनप्रतिनिधिगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्काउट्स-गाइड्स के 85 विद्यार्थियों को मिला गोल्डन एरो सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स विकासखंड डौंडीलोहारा के तत्वावधान में आज वार्षिक कार्ययोजना बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर स्काउटिंग गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ने स्काउटिंग को जीवन निर्माण की शिक्षा बताते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और बच्चों के लिए 20 स्काउट-गाइड को यूनिफॉर्म प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय ने पुरस्कार प्राप्त बच्चों को प्रेरणादायी शब्दों में संबोधित करते हुए कहा, आप लोगों ने चिड़िया बनकर जो स्वागत किया, वह अत्यंत हृदयस्पर्शी था। विशिष्ट अतिथि श्री के एल गजेन्द्र जिला सचिव, श्री नेमसिंह साहू (जिला संगठन आयुक्त - स्काउट), श्रीमती प्रेमलता चंद्राकर जिला संगठन आयुक्त-गाइड तथा दिनेश मालेकर बीआरसी की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस आयोजन के दौरान गत दो वर्षों में गोल्डन एरो अवॉर्ड से सम्मानित कुल 85 कब-बुलबुल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि संपूर्ण छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक संख्या है। आगामी तिथियों में डौंडीलोहारा के 40 छात्र-छात्राएं बिलासपुर में आयोजित चतुर्थ चरण की गतिविधियों में भाग लेंगे, जिनमें से कई भविष्य में गोल्डन एरो अवॉर्ड प्राप्त कर सकते हैं। इस दिशा में जिला संगठन का निरंतर मार्गदर्शन प्रेरणास्त्रोत बना हुआ है। कार्यक्रम के दौरान भोलाराम साहू, परमानंद साहू एवं आनंद पब्लिक स्कूल के प्रबंधक ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद की सामान्य सदस्यता ग्रहण की, जो संगठन के विकास और विस्तार के लिए एक सराहनीय पहल है।



### ये रहे मौजूद

इस सफल आयोजन को विकासखंड के सभी सक्रिय स्काउटर एवं गाइडर साथियों के अथक परिश्रम एवं समर्पण ने सफल बनाया। जिन्होंने सभी अतिथियों, सहभागियों एवं जिला संगठन के प्रति आभार प्रकट करते हुए भविष्य में भी स्काउटिंग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का मंच संचालन कब मास्टर विजय पटेल ने की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संयुक्त सचिव नोम साहू, जिला मीडिया प्रभारी मिलन सिन्हा वरिष्ठ फ्लॉक लीडर वारूणी दिल्लीवार, रेंजर लीडर कैशरीन बैग, गाइड कप्तान धनेश्वरी सोनवानी, स्काउटर परमानंद साहू, गजेन्द्र खरे, महेश जगनायक ,भागवत साहू, बसंती पिंकेश्वर, डीलेश्वरी साहू, चंद्रकला ठाकुर आदि का विशेष सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### रामायण में हर समस्या का समाधान छिपा है: देवांगन

**बालोद।** ग्राम खरथुली में तुलसी जयंती एवं शिक्षक बिदाई समारोह संपन्न हुआ। तुलसीदास के तैलचित्र पर पूजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम मे मुख्यातिथि प्रेम सिंह रात्रे थे। अध्यक्षता डॉ मानसिंह ने किया। विशेष अतिथि हरक राम खरे, विष्णु कोठारी, मीत, कृष्णा राम, दिलेंद्र साहू, खुमान सिंह यादव, प्राचार्य भागवत चतुर्वेदी, टीडी यादव, ओंकार पटेल, हेमलता ठाकुर, कीर्तन देवांगन, गीता राम गायकवाड़ थे। तुलसीदास के अद्भुत चरित्र का वर्णन करते हुए राम चरित मानस ग्रन्थ की महिमा पर चर्चा किया। कीर्तन देवांगन ने कहा कि रामायण प्रयोग का ग्रन्थ है, जिसमें हर समस्या का समाधान छिपा है और ऐसा आयोजन पहली बार हुआ है। संयोग है कि जयंती और बिदाई एक साथ मनाया जा रहा है, कार्यक्रम का समापन जन जागृति महिला मानस मंडली मानस नगर ख़रथुली की रामायण गान आरती, विसर्जन के साथ व्याख्याकार शैलेन्द्री देवांगन, गायिका सुलेना निषाद, तबला वादक दीपक तराम, हार मुनीम वादक खुमान यादव, शिव बती रावते, कालेश्वरी ठाकुर ने किया। इस अवसर पर ग्रामीणों के साथ छात्रएं, शिक्षक स्टाफ, पंचायत पंच गण, जन भागीदारी समिति के सदस्य उपस्थित थे। मंच संचालन गजेंद्रपुरी गोस्वामी ने किया।

### मत्स्य कृषकों का पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य

**दुर्ग।** पीएम मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के अंतर्गत मछली पालन व्यवसाय से जुड़े किसानों, समितियों एवं समूहों को अब केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पाने राष्ट्रीय मत्स्य पालन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। मछली पालन विभाग की उप संचालक सीमा चंद्रवंशी ने बताया कि पंजीयन की प्रक्रिया सीएससी के माध्यम से की जायेगी।

### कलेक्टर ने बैठक लेकर तैयारियों की ली जानकारी, 12 को रिहर्सल

# स्वतंत्रता दिवस समारोह बटालियन में सरकारी झांकियां रहेंगी मुख्य आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

**स्कूली बच्चे प्रस्तुत करेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतिभावान होंगे सम्मानित**

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त का आयोजन प्रथम बटालियन में किया जाएगा। ध्वजारोहण सुबह 9 बजे होगा। सभी शासकीय कार्यालयों में सुबह 8 बजे राष्ट्रीय ध्वज पूरे सम्मान के साथ फहराया जाएगा। तैयारियों को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अधिकारियों की बैठक ली। विभागवार जिम्मेदारी सौंपी। जिला मुख्यालय में मुख्य समारोह स्थल में ध्वजारोहण के बाद परेड की सलामी दी जाएगी।

परेड में जिला आरक्षक बल, विशेष बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, होमगार्ड, एनसीसी एवं स्काउट गाइड शामिल होंगे। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए समिति बनाने तथा जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयारी प्रारंभ करने कहा गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी प्रदेश की सांस्कृतिक गतिविधियां समाहित हो। कार्यक्रम स्थल में बेरिकेडिंग एवं बैठक व्यवस्था के लिए लोक निर्माण विभाग को साफ सफाई, पेयजल, शौचालय सहित शामियाना, कुर्सियां, लाउडस्पीकर आदि की व्यवस्था के लिए नगर निगम भिलाई को, विशिष्ट अतिथियों के लिए आवश्यक व्यवस्था के लिए लोक निर्माण विभाग को, कार्यक्रम स्थल में चबूतरा निर्माण, झण्डे आदि की व्यवस्था के लिए लोक निर्माण व रक्षित निरीक्षक को जिम्मेदारी दी गई है।



### सभी सरकारी दफ्तरों में ध्वजारोहण कराए जाने के निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि जनपद पंचायत मुख्यालयों पर संबंधित जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा एवं राष्ट्रगान होगा। ऐसी नगर पालिका, नगर पंचायत जिनका मुख्यालय ब्लॉक मुख्यालय पर नहीं है, उनमें अध्यक्ष, नगर पालिका, नगर पंचायत द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। पंचायत मुख्यालयों में सरपंच द्वारा एवं बड़े गांवों में, गांवों के मुखिया द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया जाएगा। पूर्व के वर्षों की भांति इस वर्ष स्कूली बच्चों के कार्यक्रम तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। बैठक में अभिजीत बबन पठारे, एडीएम वीरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ बीके दुबे सहित अन्य मौजूद थे।

### मंच सजावट की जिम्मेदारी उद्यानिकी को, छोड़े जाएंगे रंग-बिरंगे गुब्बारे, योग का होगा प्रदर्शन

मंच सजावट के लिए उद्यानिकी विभाग को, विद्युत कनेक्शन, जनरेटर आदि की व्यवस्था के लिए नगर निगम एवं विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग को, सम्माननीय अतिथियों की बैठक व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को, ध्वजारोहण के बाद रंग बिरंगी गुब्बारे आसमान में छोड़ने के लिए उद्योग विभाग को दायित्व दिए गए हैं। मुख्य अतिथि का परेड निरीक्षण के लिए वाहन व्यवस्था हेतु पुलिस विभाग को, मुख्यमंत्री का संदेश वाचन के लिए पुस्तिका की व्यवस्था के लिए जनसंपर्क विभाग को, कार्यक्रम स्थल में उद्घोषक के लिए शिक्षा, पर्यावरण एवं आदिवासी विकास विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। प्रमुख चौक-चौराहों पर देशभक्ति गीत-संगीत के प्रसारण के लिए नगर निगम दुर्ग-भिलाई को, कार्यक्रम का विडियो एवं फोटोग्राफी के लिए जनसंपर्क विभाग एवं खनिज विभाग को जिम्मेदारी दी गई है।

### फाइनल रिहर्सल में सब कुछ ओके रखने के निर्देश, खुद करेंगे तैयारियों का निरीक्षण

कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों को जिला मुख्यालय में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन से संबंधित राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय में ध्वजारोहण किया जाएगा। परेड की सलामी ली जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संदेश का वाचन किया जाएगा। जीएडी के गाइड लाइन अनुसार ध्वजारोहण पश्चात परेड द्वारा सलामी दी जायेगी। परेड में पुलिस, नगर सेना, जेल प्रहरी, बीएसएफ, सीआईएससफ, एनसीसी एवं स्काउट गाइड भाग लेंगी। 12 अगस्त को सुबह 9 बजे रिहर्सल होना है। स्वतंत्रता दिवस समारोह में विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी सम्मानित होंगे। इसके लिए जिला कार्यालय प्रमुख अधिकारी 10 अगस्त तक कर्मचारियों की सूची अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में नवनिर्वाचित पदाधिकारी भैया बहनों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा.दीक्षा धुरंधर अध्यक्षता डोमार साहू विशेष अतिथि तोरण ठाकुर वरिष्ठ आचार्य, प्रतिभा सुकतेल वरिष्ठ आचार्या द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजन अर्चना कर समारोह का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम अपने जीवन में लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ते रहें सफलता हमें निश्चित ही प्राप्त होगी। समय का हम सदा सदुपयोग करना सीखें। और हमें जो दायित्व मिलता है उसका पूरी तन्मयता एवं कर्तव्यनिष्ठ भाव से निर्वहन करें। आज हम विद्यालय में रहकर अपने दायित्व निर्वहन के कर्मपथ पर बढ़ने का प्रथम पायदान पर कदम रखने जा रहे हैं।सभी अपने कर्मपथ पर बढ़ते रहने की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान कियें। अध्यक्षता कर रहे श्री डोमार साहू जी ने अपने उद्बोधन में सभी दायित्वधारी भैया बहनों को बधाई एवं शुभकामना प्रदान करते हुए कहा कि हम सभी को विद्यार्थी जीवन में दायित्व बोध का होनी अति आवश्यक है।

दायित्व लेकर हम कोई भी कार्य करते हैं तो हमारे अंदर नेतृत्व करने क्षमता जागृत होती है। विशेष अतिथि श्री तोरण ठाकुर जी और प्रतिभा सुकतेल दीदी द्वारा भैया बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान किया गया। इस अवसर पर आचार्य अशोक सिन्हा सुरेश ठाकुर सेवंत देवांगन प्रफुल्ल देशमुख तारेन्द्र देशमुख प्रेम नायक रोशन साहू दीदियां मंजू श्रीवास सुश्री संगीता सोनी रूपेश्वरी नागेन्द्र चांदनी पटेल दीपिका साहू सहित नवज्ञानोदय शिक्षण समिति के पदाधिकारीगण, विद्यालय के भैया बहन और कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व आभार आचार्य तोषण चुरेन्द्र द्वारा किया गया।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय लोकार्पित, भारतीय ज्ञान परंपराओं को आगे बढ़ाने का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अखिल भारतीय समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर के लगभग 24 पीएम श्री विद्यालय का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया गया। दिल्ली स्थित भारत मंडपम से वर्चुअल उद्घाटन किया गया। दुर्ग में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का भी लोकार्पण हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक गजेंद्र यादव थे। रवींद्र कुमार सहायक आयुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर, रजनी बघेल विशेष रूप से मौजूद थे। प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने पौधा भेंट करके सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय आर्य, बिंदु शिवराजन एवं उषा शर्मा ने किया। गजेंद्र यादव ने कहा कि लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति ने भारतीय ज्ञान परंपरा की अपेक्षा की। उन्होंने इसका उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा था कि भारत के लोग हमारी शिक्षा से काले अंग्रेज बन जाएंगे। उनकी सोच में भारतीयता बिल्कुल नहीं होगी। रवींद्र कुमार ने नई शिक्षा नीति को व्यावहारिक और समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप बताया। उन्होंने कहा की नई शिक्षा नीति छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को दिशा दे रही है। पाठ्यक्रम संरचना, बहुभाषावाद को बढ़ावा देना, व्यावसायिक शिक्षा को शामिल करना और तकनीक आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना नई शिक्षा नीति के महत्वपूर्ण गुण है। कार्यक्रम में पुष्पा बड़ा, संजीव भदोरिया, प्रकाश देवांगन, रचना पाल, गीता माली, तोशन लाल साहू, नीता दास, एमके भारद्वाज आदि मौजूद थे।

# सावन महोत्सव के अंतर्गत पौधारोपण एवं व्याख्यान माला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज:डौण्डीलोहारा

वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सावन महोत्सव का आयोजन शाला प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पुरातात्विक सदस्य एवं सेवानिवृत्त प्रधान पाठक पूरनलाल साहू अंबागढ़ चौकी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए लाइफस्टाइल में परिवर्तन जरूरी है, सभा को प्राचार्य एम एल शिवने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंगाडबरी ने भी संबोधित किया छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा स्नेक प्लांट का रोपण किया गया, कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता एल एल गोटे ने किया, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्राचार्य एवं पी एल साहू द्वारा सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में व्याख्याता गण जी आर भुआर्य, आर के ठाकुर, एस के साहू, दामिनी खरे, घनश्याम गौ चंद्र, एस रावटे का सराहनीय योगदान रहा।

# छात्र संघ चुनाव में हेमेश शाला नायक तरुण उप शालानायक निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा में छात्र संघ का चुनाव किया गया जिसमें शालानायक हेमेश कुमार देवांगन, उपशाला नायक तरुण कुमार देशमुख, क्रीड़ा सचिव सागर विश्वकर्मा, सांस्कृतिक सचिव दीप्ति सिन्हा, पर्यावरण एवं स्वच्छता सचिव नंदिनी साहू, पुस्तकालय सचिव रेमन देशमुख, अनुशासन सचिव मनु सिन्हा एवं छात्रा प्रतिनिधि दीक्षा चंद्राकर को विजयी घोषित किया गया। प्राचार्य सीमा जमुलकर ने सभी छात्र संघ पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शालानायक हेमेश कुमार देवांगन ने कहा कि सभी विद्यार्थी ध्यान देवे शाला प्रगणा में मोबाइल पकड़ के नई आना है। जो विद्यार्थी मोबाइल लायेगा उसका मोबाइल को जप्त करके एक साल तक अंडा थाना में जप्त रहेगा। स्कूल से घर जाने के बाद मोबाइल का उपयोग करें। सभी विद्यार्थी को रोज शाला आना जरूरी है, हम सब मिलकर पढ़ाई करके स्कूल का नाम रोशन करेंगे अच्छा पढ़ाई करके अच्छा रिजल्ट लाकर दिखायेंगे। तभी हमारा शाला का नाम रोशन होगा।




# लाल मिट्टी और बिना खाद के बर्बाद हुईं फसलें परेशान किसान पहुंचे जन मुक्ति मोर्चा के दरवाजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा क्षेत्र के किसानों की परेशानी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। खदान के नाम पर वर्षों पहले अधिग्रहित की गई भूमि का उपयोग अब किसानों के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। जन मुक्ति मोर्चा के सचिव बसंत रावटे ने अनुविभागीय दंडाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर अति शीघ्र किसानों की समस्या से निदान दिलाए जाने की मांग किया है अन्यथा उग्र आंदोलन किए जाने की बात कही है जिला और स्थानीय,प्रशासन से मांग की है कि खदान से निकली लाल धूल, फाइन मिट्टी और बिना खाद की वजह से इस क्षेत्र की लगभग आधी



खेती योग्य भूमि पूरी तरह से बर्बाद हो गई है, जिससे किसानों की खड़ी फसलें चौपट हो रही हैं।

श्री रावटे ने कहा कि लगभग 70 वर्ष पूर्व इस्पात संयंत्र के लिए अधिग्रहित की गई भूमि को आज तक पुनः कृषि योग्य नहीं बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर, खदान से उड़ने वाली लाल धूल और फाइन मिट्टी खेतों में जमकर उपजाऊ मिट्टी को नुकसान पहुँचा रही है। न केवल फसलें बर्बाद हो रही हैं, बल्कि इस धूल के कारण ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

जन मुक्ति मोर्चा ने प्रशासन के समक्ष तीन प्रमुख मांगें रखीं हैं: गौतमी कोरेटी सहित अन्य किसानों को हुए फसल नुकसान का मुआवजा शीघ्र दिया जाए।खेत में अब कोई उपज न हो सके, ऐसी स्थिति पर त्वरित सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।जिम्मेदार खनन व पर्यावरण अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

जन मुक्ति मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि पाँच दिनों के भीतर इन मांगों पर ठोस कार्यवाही नहीं की गई, तो किसान चक्काजाम और आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस गंभीर मुद्दे को लेकर क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और किसान न्याय की उम्मीद लगाए प्रशासन की ओर देख रहे हैं।



## खबर संक्षेप



### सवारी से आटो चालक ने दस हजार निकाले, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** सवारी की जेब से आटो चालक व उसका सहयोगी दस हजार रुपए चोरी करने के मामले में पुलिस ने बॉम्बे आवास नेहरू नगर भिलाई निवासी मोहम्मद अल्ताफ और निजामी चौक फरीदनगर सुपेला इमरान को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि कैम्प 1 छावनी निवासी संतोष तिवारी अपने बेटे के साथ सुपेला से केम्प-2 छावनी अपने घर आटो में सवार होकर जा रहा था। चंद्रा मौर्या टाकिज के पास आटो चालक बुकिंग में जाने का झांसा देकर दूसरा आटो पकड़ने की हिदायत दी और पीड़ित के जेब से 10 हजार 200 रुपए चोरी कर लिए।

### करंट की चपेट में आने से एक की मौत, दो गंभीर

**भिलाई।** मकान में सोलर पैनल लगाते समय 11 हजार वॉट के बिजली करंट की चपेट में तीन



टेक्नीशियन आ गए। हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दो युवक गंभीर रूप से झुलस गए। घटना की खबर लगते ही आसपास के लोगों ने घायलों को तुरंत निजी अस्पताल सुपेला में उपचार के लिए भेजा गया। मुआवजे को लेकर परिजन मांग करते रहे, सोलर पैलन की ठेका कंपनी जीएसएमआर द्वारा कैम्प 2 संतोषी पारा के चंद्रप्रकाश के मकान में इंस्टाल किया जा रहा था। हादसा बुधवार की सुबह का है। मिली जानकारी के मुताबिक बलौदा बाजार पताल भैरवी क्षेत्र निवासी महेश साहू, देवेन्द्र यादव, ढलेन्द्र साहू तीनों जीएसएमआर कंपनी के टेक्नीशियन हैं। बुधवार की सुबह चंद्रप्रकाश के मकान में सोलर पैनल स्टाल करने के लिए पहुंचे थे। महेश, देवेन्द्र, ढालेन्द्र पहुंचे। मकान के ऊपर में 11 हजार वोल्ट का केबल ऊपर से गया हुआ था। जिसमें करंट दौड़ रही थी पैनल को स्टाल करते समय तीनों को एक साथ करंट लगा। महेश सीधे नीचे गिर गया जिसे सिर पर गंभीर चोट आई है। देवेन्द्र, ढलेन्द्र भी छत पर गिर पड़े जिसे देख मोहल्ले के लोगों ने तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे। इस दौरान महेश की मौत हो गई। देवेन्द्र और ढलेन्द्र को गंभीर चोटे आई है। सोलर पैनल कंपनी जीएसएमआर कंपनी में तीनों टेक्निशियन करीब तीन-चार माह से कार्यरत है। लेकिन काम करते समय सोलर पैनल स्टाल कराने वाली कंपनी टेक्निशियनों को सुरक्षा का पुख्त इंतजाम नहीं किया था इस कारण बड़ा हादसा हुआ। घटना में एक की मौत भी हो गई।

## निधन

### लीलाधर साहू

**जामगांव आर।** सेवा सहकारी समिति जामगांव आर के कंप्यूटर ऑपरेटर एवं स्थानीय साहू समाज जामगांव आर के उपाध्यक्ष लीलाधर साहू का निधन हो गया। वे सेवानिवृत शिक्षक निर्भयराम साहू के सुपुत्र थे। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम जामगांव आर मे किया गया।

## जयंती : गनियारी में मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास जयंती

# तुलसीदास ने श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचायाः ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के पावन अवसर पर ग्राम गनियारी रसमड़ा में जिला मानस संघ दुर्ग एवं ज्ञान गंगा मानस मंडली गनियारी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय गोवस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुये। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने सबसे बड़ा योगदान मानव जीवन कल्याण के लिए किया।

दुर्ग जिला मानस संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय तुलसीदास जयंती समारोह में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा की जितना हम तुलसीदास के जीवन को गहराई से समझेंगे हम अपने लिए भी और लोक कल्याण के लिए भी मार्ग प्रशस्त करेंगे। मानस केवल आध्यात्मिक ग्रंथ ही नहीं एक उत्तम व्यवस्था का आदर्श भी है।उन्होंने वर्तमान समय में मानस मंचो में बड़ा अंतर आ गया है आज रामयण प्रतियोगिता में आम लोगों की रूचि काम दिखता है ठीक विपरीत जस गीत झांकी कार्यक्रमों में लोगों की अधिक रूचि दिखाई दे रही है, इसमें हमें गहन चिंतन करने की आवश्यकता है। हमारी सरकार ने पूर्व में ग्रामीण, विकासखंड, जिला स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय रामायण का आयोजन किया गया था जिससे आप सभी जुड़कर अपनी अपनी प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान किया गया।

श्री साहू ने कहा की गोवस्वामी तुलसीदास जी ने अपनी कालजयी रचनाओं के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने भक्ति को सिर्फ एक धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि जीवन जीने की प्रेरणादायक शैली के रूप में स्थापित किया। उनकी रचनाएं आज भी धर्म, नैतिकता और भक्ति के स्थायी और अमूल्य स्त्रोत हैं।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला मानस संघ दुर्ग मेहत्तर वर्मा, सचिव अश्वनी साहू, अध्यक्ष तहसील मानस दुर्ग धनुष लाल यादव, अध्यक्ष पाटन टीकाराम साहू, चैत राम साहू, नीलकंठ ठाकुर, सरपंच गनियारी संतोषी साहू, ठोकेलाल देवांगन, चोवाराम साहू,होरी लाल चंदेल, गरीब दास साहू, नूतन साहू, त्रेता चंद्रकार, लल्लू राम वर्मा, अश्वनी देशमुख, रोहित साहू, मोहन नेगी, पंडित महेन्द्र पांडे, राजेंद्र साहू, रोशन साहू,नई दिल्ली से सम्मानित मंच संचालक खिलेन्द्र यादव, अश्वनी देशमुख,पंचराम साहू, कुमारी निशा,शिवेंद्र पाल,भोमेशर सिन्हा, संतोष सिन्हा, मानहरण आडिल, संजू साहू, पूर्णिमा नेताम, सावित्री देवांगन, चेतन साहू, छबिल निषाद, ईश्वर साहू, हेमचंद, देवेंद्र गुप्ता, थानेश्वर साहू, जितेंद्र साहू,संतोष महाराज, देवेंद्र साहू राजेश यादव,भगवती निषाद, खेदूराम निषाद सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### रामचरित मानस पाठ का भव्य आयोजन



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर में स्वामी तुलसी दास के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप मंत्र के साथ तुलसी दास जयंती का शुभारंभ किया गया। प्रार्थना कक्ष में रामचरित मानस के सुन्दरकाण्ड का पठन संगीत के सांथ किया गया। विद्यालय की बहने प्रार्थना प्रमुख गोयल साहू, प्रार्थना सहायक लावण्या यादव, गरिमा सिन्हा, गीतांजलि साहू, खुशी पटेल, वर्षा माला, आचार्य खिलेश्वर साहू ने दोहा तथा चौपाई का गायन किया गया। संगीत में हारमोनियम भैया नैतिक खुश्याम, तबला भैया लक्ष्य सिन्हा, ढोलक भैया लकेश साहू ने संगत दिया। तुलसी दास की जीवनी किशोर भारती संगठन के अध्यक्ष हिमांशी सिन्हा, उपाध्यक्ष गौरव साहू, बहन हेमांशी नागवंशी ने बताई। जिसके पश्चात दीदियों नीमा साहू, आशा नेताम तथा चित्रलेखा पटेल ने तुलसी दास की रचनाओं को बताते हुए उनकी जीवनी बताई। समापन में विद्यालय के प्राचार्य वेदप्रकाश कटेंद्र ने रामचरित मानस तथा सुन्दरकाण्ड में हनुमान जी महाराज के बारे में प्रकाश डालते हुए भैया बहनों से हनुमान जी की तरह गुणवान, बलवान तथा धर्म के कार्यों में अग्रणी रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य योगेश्वर साहू द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य बहने खुमेशवरी साहू, संतोषी नागवंशी, खिलेश्वरी, पिंकी सेन साहू, मंजू साहू, चित्रलेखा पटेल, कामनी साहू, सीमा निषाद, तुमेश्वरी साहू उपस्थित थे।

### तुलसीदास जयंती बड़े हर्ष व उल्लास के साथ मनाई

**गुरुर।** सरस्वती शिशु मंदिर खर्रा में तुलसीदास की जयंती बड़े हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के आचार्य परिवार तथा बाल भारती एवं शिशु भारती के पदाधिकारी द्वारा तुलसीदास के छायाचित्र का विधिवत पूजन किया गया।

प्रधानाचार्य श्रीफल देव साहू ने सभी भैया बहनों को तुलसीदास जयंती की शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। आचार्य बौद्धिक प्रमुख सुखीत राम कलिहारी ने तुलसीदास के द्वारा रचित रामचरितमानस के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। आचार्य कामता प्रसाद साहू ने तुलसीदास के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान श्री राम जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने पर ही हमारा जीवन सार्थक है। इसके उपलक्ष्य में भैया बहनों द्वारा संगीतमय मानस गान एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। भैया बहनों द्वारा मानस अंतराक्षी, मानस प्रथमाक्षरी, प्रतियोगिता में बढ़–चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में आचार्य दीदी रंजना सिन्हा, चितेश्वरी साहू, लिलेश्वरी साहू, छबीलता पटेल, रेणुका सिंन्हा, ईश्वरी ठाकुर एवं बाल भारती शिशु भारती के पदाधिकारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

■ भगवान श्री राम जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने पर ही हमारा जीवन सार्थक



# श्रीराम रसोई, 20 रुपए में मिलेगा भरपेट पौष्टिक भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



नगर में गरीबों और जरूरतमंदों को कम कीमत पर पौष्टिक और गर्म भोजन उपलब्ध कराने की पहल श्रीराम रसोई द्वारा किया जा रहा है। दुर्ग और राजनांदगांव मे चल रही श्रीराम रसोई का विस्तार किया गया है। अब गुण्डरदेही में बस स्टैंड और धमतरी चौक में जैन कांप्लेक्स में यह सुविधा अतिशीघ्र शुरू की जाएगी।

जहां लोग सिर्फ 20 रुपए में भरपेट भोजन कर सकेंगे। इस भोजन में रोटी, चावल, दाल, सब्ज़ी और अचार शामिल है। इसके लिए गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन और चतुर्भुज राठी के द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया। यह पहल पहले से ही दुर्ग और राजनांदगांव जिलों में 18 स्थानों पर सफलतापूर्वक चलाई जा रही है। इन केंद्रों पर रोजाना सैकड़ों लोग लाभ उठाते हैं।

श्रीराम रसोई का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को पौष्टिक और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी भूखा न सोए। यहां भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है। भोजन बनाने और परोसने में स्वच्छता के सभी मानकों का पालन किया जाता है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, राम रसोई के संरक्षक चतुर्भुज राठी, अजय शर्मा और हेमंत टावरी और स्वयंसेवी संगठन इस नेक कार्य में सहयोग कर रहे हैं। यह राम रसोई जल्द ही शुरू की जाएगी। यहां दोपहर 12 बजे से 2.30 बजे तक सबको भोजन मिलेगा। गुण्डरदेही मे नए केंद्र के शुरू होने से अब क्षेत्र के लोगों को इस योजना का लाभ मिल पाएगा। इस पहल को लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह है। उन्होंने इस बात की सराहना की कि महंगाई के इस दौर में भी इतनी कम कीमत पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध होगा है।

श्री राम रसोई एक सराहनीय कदम है, जो समाज के वंचित वर्ग को सहारा दे रहा है। भविष्य में और भी स्थानों पर ऐसे केंद्र खोलने की योजना है, ताकि इस सेवा का विस्तार अधिक से अधिक लोगों तक हो सके।

# रसोइया संघ का प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय बालोद के बस स्टेण्ड में छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया संयुक्त संघ का तीन दिवसीय धरना आंदोलन जारी रहा। तेज बारिश के बावजूद बालोद ब्लॉक से बड़ी संख्या में रसोइयां अपनी मांगों को लेकर डटे रहे। इस धरना स्थल पहुँच कर संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने अपना समर्थन दिया।

विधायक संगीता सिन्हा ने विधानसभा के बजट सत्र में उनकी मांगों को ध्यानकर्षण में प्रस्तुत किया गया हैं। प्रदेश सरकार के वेतन विसंगति के मामले में चुप्पी को लेकर बड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार अहंकारी हो गई है। अब छत्तीसगढ़ वासी जाग गए हैं



प्रदेश के अहंकारी वी आमानवी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का वक्त आ गया है। प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ की निवासियों का शोषण करने में कोई कमी नहीं कर रही है किंतु वर्तमान परिस्थितियों के हिसाब से वेतन व सुविधा दिए जाने के लिए आनाकानी कर रही है जबकि हमारा छत्तीसगढ़ संसाधनों से परिपूर्ण राज्य हैं किंतु प्रदेश सरकार इसका लाभ यहां के निवासियों को नहीं देना चाहती।

इस मौके पर विधायक प्रातिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, शहर अध्यक्ष अंचल प्रकाश साहू, महामंत्री धीरज उपाध्याय, पार्षद सतीश यादव, किरण साहू, पुर्व पार्षद मनोज ठाकुर, ब्लाक महामंत्री रोहित सागर, ऐनुराम साहू उपस्थित थे।

# सफाई कर्मी नहीं, बच्चों से झाड़ू लगवाया जा रहा स्कूल में - विधायक ने मौके पर पहुंचकर फटकार लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ब्लाक के ग्राम पर्रेगुड़ा प्राथमिक शाला स्कूल मे छोटे बच्चों से स्कूल की साफ सफाई कराने का मामला सामने आया है। जिसकी जानकारी मिलने पर विधायक संगीता सिन्हा स्वयं उक्त स्कूल पहुंचकर जिम्मेदारो से चर्चा की। चर्चा के दौरान जो बाते सामने आई उससे जिले मे शिक्षा के सतर की कलाई खोलकर रख दी।

मिली जानकारी के अनुसार स्कूल मे स्वीपर या चपरासी नही है, स्कुल में फैले कचारों को साफ करने का शिक्षकों के पास कोई विकल्प नही है जिससे बच्चे जब सुबह स्कूल पहुंचे तो स्कूल के जिम्मेदार शिक्षको द्वारा बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कूल में जाने तथा पढ़ाई कराने के जगह बच्चों को झाड़ू पकड़ाकर स्कूल की साफ सफाई करवाई गई। जिसकी जानकारी ग्रामीणो को हुई, ग्रामीणो के माध्यम से इसकी जानकारी विधायक संगीता सिन्हा को हुई। जहा जानकारी के बाद विधायक संगीता सिन्हा मौके मे पहुंचकर जिम्मेदार शिक्षको व स्कूल प्रमुख से चर्चा की।





इस दौरान विधायक संगीता सिन्हा ने विद्यालय के बचों से भी चर्चा की तथा स्कूल मे होने वाले पढ़ाई व अन्य चिजो के बारे मे बच्चो से जानकारी ली। बच्चों ने बताया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा आए दिन उनसे साफ–सफाई करवाई जाती है। इस दौरान विधायक संगीता सिन्हा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा भाजपा सरकार मे विद्यालयों की स्थिति लगातार खराब हो रही है, शिक्षको की कमी के कारण जिला मे कही न कही ग्रामीण हड़ताल कर रहे है, सरकार विद्यालयों मे स्वीपर, चपरासी भी नही रख पा रही है, बच्चों को पढ़ाई के स्थान पर पानी भरने, सफाई करना पड़ रहा है, शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है।

# विधायक सिन्हा के नेतृत्व में मण्डल सेक्टर, कमेटियों का पुनर्गठन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विधायक संगीता सिन्हा के नेतृत्व और ब्लॉक प्रभारी की सक्रियता से सात मण्डल व 21 सेक्टर कमेटी का पुनर्गठन हुआ। जिसके तहत विधायक, ब्लॉक प्रभारी, ब्लॉक अध्यक्ष ने आगामी चुनाव के लिए टीम बनाये।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 31 जुलाई तक मण्डल और सेक्टर में फील्ड में जाकर बैठक लेकर सर्वसम्मति से पुनर्गठन करने का निर्देश पूरे प्रदेश के लिए दिया गया था। गुरूर ब्लॉक के प्रभारी राजेन्द्र सोनी द्वारा बैठक लेकर सभी सात मण्डल जोन और सेक्टर में जाकर मण्डल प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष सहित मण्डल और सेक्टर में 21 सदस्यी की पूरी टीम सर्वसम्मति से बनाया गया। मण्डल प्रभारी दीनाराम चेलक, अध्यक्ष हेमप्रकाश साहू, कंवर प्रभारी टोमन साहू, अध्यक्ष गिरधारी देवांगन, कंकालीन प्रभारी दुर्गु राम सिन्हा, प्रभात धुरव, अध्यक्ष सुमित राजपूत, दर्रा दियाबाती प्रभारी जितेंद्र यादव, अध्यक्ष डॉ किशोर साहू, धनेली प्रभारी केदार देवांगन, अध्यक्ष तोषण साहू, तरएँभरदा प्रभारी खिलेश्वर केहरी, दुर्गु राम सिन्हा, अध्यक्ष यशवंत पूरी गोस्वामी, अरमरीकला प्रभारी संजय चौधरी, अध्यक्ष टोमन साहू सेक्टर फागुनदाहा अध्यक्ष कौशल साहू, मिरएँटोला रमेश सिन्हा, चितौड़ रामस्वरूप साहू, कँवर मनीष देवांगन, अरकार दिलीप केशरवानी, भिराई घनशायाम साहू, मोखा गुलेंद्र कतलाम, नारागाँव बल्ला कुंजाम, बालोदगहन उमर अली, खुंदनी केशु राम साहू, दर्रा दियाबाती सोमनाथ साहू, कनेरी धनेली कोमलेसवार सिन्हा, भानपूरी डेहर राम साहू, बासीन डोमेन्द्र हिरवानी, तार्रि आलोक पटेल, छेडीया नारद यादव, सोरर बृजभूषण अरमारी कला ओमप्रकाश साहू,सानोद उमेश साहू,भोथली विवेकानंद साहू,को बनाया गया। बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस संगठन की दृष्टिकोण से देखें तो हमेशा ही बालोद ज़िला का नाम चलता है। यहां का कांग्रेस संगठन हमेशा सबसे आगे और बहुत सक्रिय रहता है। इसी के चलते ही अभी पुनर्गठन का काम शीघ्राता से पूर्ण कर लिया गया है। ब्लॉक प्रभारी राजेंद्र सोनी ने कहा कि मण्डल ज़ोन सेक्टर गठन 2025 पुनर्गठन उदयपुर संकल्प शिविर में संकल्प पारित अनुसार सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए पीसीसी के निर्देशानुसार पूरा करते हुए विधानसभा चुनाव 2028 के लिए पूरी टीम को फ़ील्ड में जाकर बना लिया गया है, इस टीम के द्वारा कांग्रेस संगठन को और भी मजबूत करने काम किया जाएगा, जिससे निश्चित ही 2028 के चुनाव में जीत हासिल की जाएगी। सनौद मण्डल के बैठक में प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रभारी राजेंद्र सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष ग़ुरूर परमेश्वर साहू, दुर्गु राम सिन्हा, पूरण साहू, टोमन साहू, केदार देवांगन, संजय प्रकाश चौधरी, दिनाराम चेलक, धनुष साहू, तोषण साहू, यशवंतपुरी गोशवामी, सरपंच रेणुका देवदास, कुकेश साहू, युगलकिशोर साहू, सोमानलाल, देवेंद्र साहू सहित काफ़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### डॉ. डीपी मनहर पुनः निर्विरोध चुने गए पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष



**बालोद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. डीपी मनहर को द्वितीय बार पुनः निर्विरोध चुने जाने के बाद साहू भवन टिकरापारा रायपुर में प्रांतीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बालोद जिला सहित पूरे प्रदेश भर से नवनियुक्त पदाधिकारियों ने उपस्थिति दी। प्रांताध्यक्ष द्वारा छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के इतिहास तथा उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए संगठित रहने का आह्वान कर पूरे प्रदेश भर से आए हुए सभी पदाधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों को जिम्मेदारी पूर्वक निभाने और संघ हित में पेंशनरों के लिए काम करने का आह्वान किया।

हरिभूमि माह जुलाई 2025 का मासिक बिल

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 31 दिन | 5.00 | 155.00 |
| | कुल | 155.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक जुलाई 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।
व्यवस्थापक

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
- पॉली ट्रॉमा
- मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
- कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
- पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
- हड्डियों से मवाद रिसना
- ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

टैटू (गोदना) मिटाये
नई लेजर तकनीक द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कास्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से- 11 नवंबर से 17 नवंबर 2025, 2 मई से 8 मई 2026
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि: स्लीपर-9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411